INDIA NEWS COMMUNICATIONS

PUBLICATION	EDITION	DATE
Punchkula Samachar	Chandigarh	09/04/2017

कामधेनु नेक्स्ट ' नई पीढ़ी का इंटरलॉक स्टील

❑बेहतरीन क्षमता व उच्च गुणवत्ता वाला इंटरलॉक स्टील कामधेनु ने बाजार में उतारा

पंचकूला समाचार, चण्डीगढ़। निर्माण के लिए इस्पात के आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करते हुए कामधेनु लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले इंटरलॉक रीबार कामधेनु नेक्स्ट को बाज़ार में पेश किया। बेजोड़ मज़बूती, बेहतर क्षमता वाला कामधेनु (कामधेनु नेक्स्ट) डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म है जिसे कंपनी ने काफी आर एंड डी के बाद बाज़ार में उतारा है।

कंक्रीट को अन्य सरिये के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा इंटरलॉक पकड़ देने वाला कामधेनु नेक्स्ट सभी मानकों पर खरा है। उन्नत इस्पात उत्पाद को बाज़ार में पेश करने के लिए जानी जाने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने एक बार फिर अपनी साख के अनुरूप काम करते हुए भारतीय बाज़ार में बेहतर इस्पात और इंटरलॉक स्टील की नई पीढ़ी का उत्पाद कामधेनु नेक्स्ट पेश किया है। नई पिढ़ी का इंटरलॉक स्टील कहा जाने वाला कामधेनु नेक्स्ट भूकंप में भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करता है। गगनचुंबी इमारतें आज के समय की जरूरत बनती जा रही है और इन इमारतों को सुरक्षा प्रदान करने में टीएमटी सरिया की भूमिका अहम होती है, जितनी बेहतर इंटर लॉकिंग होगी इमारत उतनी ही टिकाऊ होगी। इसी के तहत कामधेनु नेक्स्ट को कंपनी ने काफी अनुसंधान के बाद विकसित किया है।

कंपनी ने इस इंटरलॉक स्टील को बीएसआई मानकों से भी बेहतर बनाया है जिससे बेहतरीन मज़बूती और लचीलापन मिलता है।